जब कि हम अपने देश में नवीन और समृद्ध भारत का निर्माण करने में तथा दरद्रिता के अभिशाप से जिन लाखों लोगों को गतकाल में इतना ज्यादा पीड़ित रहना पड़ा है उन को सुखसुविधा पहुंचाने के लिय लगे हुए हैं अवशिष्ट संसार की समस्यायें बलात हमारे सामने आ खड़ी होती हैं और हम न तो उन से बच सकते हैं और न उन से अपने को अलहदा रख सकते हैं । अन्य देशों की बातों में हस्तक्षेप करने की मेरी सरकार की लेशमात्र भी इच्छा नहीं है किन्तु स्वतन्त्रता के साथ साथ अनिवार्यरूपेण भारत पर जो जिम्मेदारी आ पड़ी है उस को तो इसे निभाना ही है । जैसा कि सर्वविदित है हमने संसार के सब देशों के प्रति मैत्री और शान्ति की नीति बरतने का प्रयास किया है शनैः शनैः वे लोग भी, जो इस से सर्वदा सहमत नहीं होते हैं, इसे समझने और इस का आदर करने लगे हैं, और यह बात मानी जाने लगी है कि भारत राष्ट्रों में शान्ति का हामी है और ऐसा कोई कदम उठाने से बचता रहेगा जिस का परिणाम लड़ाई की प्रवृति को जगाना हो । इसी नीति के अनुसरणार्थ मेरी सरकार ने कुछ ऐसे प्रस्ताव पेश किये थे जिन से उसे यह आशा थी कि कोरिया युद्ध के बारे में समझौता हो जायेगा । इन प्रस्तावों को बहुत भारी समर्थन मिला, किन्तु दुर्भाग्यवश उन महान देशों में से कुछ इन्हें स्वीकार न कर सके जिन का उस से निकटतम सम्बन्ध था । वह युद्ध जारी है, और उस से कोरिया की जनता को गहरी यातना और उस की पूरी बरबादी ही नहीं हो रही है वरन् अवशिष्ट संसार के लिये वह ख़तरे का निशान भी है । दूर पूर्व पर असर डालने वाले हाल में दिये गये कुछ वक्तव्यों और कोरिया में युद्ध का विस्तार करने वाले उन के जो परिणाम हो सकते हैं उन से समस्त संसार भर मे लोगों के मन में बहुत अशंका पैदा हुई है । मेरी सरकार भी इन बातों को गम्भीर चिन्ता से देखती है । मुझे विश्वास है कि युद्ध जो अपने साथ पहले ही भारी विपत्ति लाया है उसके विस्तार की कोई भी प्रवृत्ति रोक ली जायेगी तथा राष्ट्रों और जातियों के मन को इन समस्याओं को शान्तिपूर्ण रीति से सुलझाने की ओर मोड़ दिया जायेगा । इस उद्देश्य को पूरा करने के लिये मेरी सरकार प्रयत्नशील रहेगी और किसी एक राष्ट्रपुंज के विरुद्ध दूसरे राष्ट्रपुंज से गठवन्धन किये बिना सब देशों के प्रति मैत्री की नीति पर चलती रहेगी । अपने देश में जिन लोकतन्त्रात्मक तरीकों से हम आबद्ध हैं उन में समस्याओं को सुलझाने का शान्तिपूर्ण तरीका निहित है । यदि लोकतन्त्र को बचा रहना है तो वही शान्ति का वातावरण और समझौते

की प्रवृत्ति अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में भी अपनानी आवश्यक है ।

निकट भविष्य में संयुक्त राष्ट्र की महासभा की बैठक फिर होगी और उन गम्भीर समस्याओं पर विचार करेगी जिन पर संसार में शांति अथवा युद्ध इस महत्वपूर्ण प्रश्न का निर्णय ठहरा हुआ है । मेरी यह हार्दिक आशा है कि वे महान राष्ट्र जिन के प्रतिनिधि वहां इकट्ठ होंगे, संयुक्त राष्ट्र के चार्टर में समाविष्ट उद्देश्यों के पूर्ण करने तथा समझौते की प्रवृति को बढ़ाने के लिये प्रयास करेंगे।

अफ़्रीका महाद्वीप में, जो उपनिवेशवाद का आज भी सब से बड़ा क्षत्र बना हुआ है, हालत पहले से खराब हो रही है। मूलवंशीय प्रभुता के सिद्धान्त का दक्षिण अफ़्रीका में खुले आम ढिंढोरा पीटा जा रहा है और राज्य की पूरी शक्ति से उसे लोगों पर लादा जा रहा है । संयुक्त राष्ट्र ने इस समस्या को तय करने के जो प्रयत्न किये हैं दक्षिण अफ़्रीका की सरकार उन की अवहेलना कर रही है । मूलवंशीय विभेद के विरुद्ध आन्दोलन को जो अपने शान्ति और अनुशासनपूर्ण ढंग के लिये उलेखनीय है, ऐसे कानून और सरकारी कार्यवाही द्वारा कुचलने की कोशिश की जा रही है जो लोकतन्त्रात्मक तरीकों और संयुक्त राष्ट्र के चार्टर में उद्घोषित प्रयोजन की अवहेलना के लिय अभूतपूर्व हैं । पूर्वी अफ़्रीका में आज ऐसा मूलवंशीय संघर्ष वर्तमान है जिसे यदि इस प्रकार खत्म न किया गया जिससे जनता को सन्तोष हो तो वह फैल जायेगा और अफ़्रीका के बहुत व्यापक क्षेत्रों को आप्लावित कर लेगा ऐसे अनेक लोग अब भी हैं जो इस बात को नहीं पहचानते कि आज की दुनिया में मूलवंशीय प्रभुता और विभेद को सहन नहीं किया जा सकता और इनको बनाये रखने के किसी भी प्रयास का परिणाम भयानक विपत्ति ही होगी ।

पश्चिमी और दक्षिणपूर्वी एशिया के हमारे पड़ोसी देशों से हमारे सम्बन्ध घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण हैं और हम में आपस में सहयोग की मात्रा बढ़ती जा रही है । पाकिस्तान से भी जिससे कि दुर्भाग्यवश हमारे सम्बन्ध कुछ खिचे रहे हैं हमारे सम्बन्धों में कुछ सुधार हुआ है। यह सुधार कुछ बड़ा नहीं है किन्तु यह ऐसा चिन्ह है जिसका मैं स्वागत करता हूं । दोनों देशों के प्रतिनिधियों के बीच में हाल में हुए सम्मेलन मैत्रीपूर्ण वातावरण में हुए हैं और मुझे आशा है कि फलदायी सिद्ध होंगे । पारपत्र प्रणाली के शरू किये जाने से दोनों देशों में जो उथलपुथल हुई थी वह अब शान्त हो गई है और इस प्रणाली के कारण जो बहुत सी कठिनाइयां पैदा हुई थीं वह अब शनैः शनैः दूर की जा रही हैं । मुझ विश्वास है कि यह प्रयत्न जारी रहेगा और ऐसे चलाया जायेगा कि पूर्वी बंगाल के अलपसंख्यकों के सामने जो आधारभूत समस्यायें अब भी हैं वह दूर की जा सकें ।

अन्तर्राष्ट्रीय बैंक की सहायता से दोनों देशों के प्रतिनिधि नहरों के पानी के प्रश्न पर शिल्पिक स्तर पर संयुक्त विचार कर रहे हैं। यह प्रश्न खास तौर पर ऐसा है कि जिस पर केवल वस्तुस्थिति की दृष्टि से ही तथा शान्तिपूर्ण विचार होना चाहिये जिससे कि दोनों देशों में हो कर बहने वाले जल से दोनों देशों को महत्तम लाभ हो । इस जल का बहुत बड़ा भाग व्यर्थ में ही समुद्र में चला जाता है ।

[राष्ट्रपति]

यदि इस को ठीक तरह से बांध लिया जाये तो भारत और पाकिस्तान दोनों के ही असंख्य लोगों को यह सुख-सुविधाप्रद और समृद्धिकारी सिद्ध होगा । यह दुर्भाग्य की बात है कि ऐसे प्रश्न पर भी वैमनस्य और होड़ की वृत्ति से और ऐसे वातावरण में विचार किया जाये । मुझे भरोसा है कि हमारा नया ढंग दोनों देशों के लिये फलदायी और सुन्दर परिणाम वाला होगा । यही ढंग निष्क्रात सम्पत्ति की उस समस्या को सुलझाने के लिये काम में लाया जा सकता है । जिस समस्या से भारत और पाकिस्तान के लाखों लोगों की किस्मत बंधी हुई है ।

भारत और पाकिस्तान के बीच में दूसरी सजीव समस्या जम्मू और काश्मीर राज्य की समस्या है । संयुक्त राष्ट्र के प्रतिनिधि के साथ हमारे प्रतिनिधि इस समस्या पर फिर बातचीत कर रहे हैं । अन्य समस्याओं के समान ही इस समस्या पर भी शान्त भाव से उस राज्य के लोगों के कल्याण को सर्वदा दृष्टि में रख कर विचार किया जाना चाहिये । लड़ाई या लड़ाई की धमकियों से यह अथवा भारत और पाकिस्तान के बीच अन्य कोई अवशिष्ट समस्या हल नहीं की जा सकती । मेरी सरकार ने बार बार इस बात की घोषणा की है कि जब तक उस पर हमला न होगा वह युद्ध न छेड़ेगी और पाकिस्तान को भी इस ने इसी प्रकार की घोषणा करने की दावत दी है । यदि लड़ाई का भय खत्म कर दिया जाये तो हमारे सामने जो सब समस्यायें हैं उन पर विचार करना कहीं अधिक आसान होगा ।

अन्दरूनी क्षेत्र में जम्मू और काश्मीर राज्य में बहुत प्रकार से तरक्की हुई है । उस राज्य से भारत के सम्बन्ध के बारे में हमारे संविधान में विशिष्ट उपबन्ध है और भारत सरकार तथा जम्मू और काश्मीर के बीच हुए समझौते द्वारा उन बन्धनों को जो उस राज्य को भारत से बांधे हुए हैं और भी सुदृढ़ और घनिष्ठ कर दिया गया है । इस समझौते के एक भाग पर अमल हो चुका है और अवशिष्ट भाग जल्द ही अमल में लाया जायेगा । दुर्भाग्यवश जम्मू में नासमझी से एक आन्दोलन शरू किया गया है, यद्यपि उस का उद्देश्य भारत से और अधिक निकट एकता कायम करना है तथापि यह सम्भावना है कि उस का परिणाम बिल्कुल उल्टा ही हो । मुझे आशा है कि यह पथ भ्रष्ट आन्दोलन शीघ्र ही बन्द हो जायेगा और जम्मू और काश्मीर के लोग भारत के विशत्तर संघ में उस राज्य की प्रगति और अभिवृद्धि के लिए सहयोग करेगे । जहां भी कोई न्यायपूर्ण शिकायतें होंगी उन की निस्सन्देह जांच की जायेगी और उन्हें दूर करने की हर कोशिश की जायगी ।

भाषावार प्रान्तों के प्रश्न के कारण देश के विभिन्न भागों के लोग बहुधा आन्दोलित हुए हैं । जहां कि राज्य निर्माण में भाषा और सांस्कृति महत्वपूर्ण बातें होती हैं वहीं यह भी स्मरण रखना चाहिए कि राज्य भारत संघ में प्रशासनीय इकाइयां हैं और उनके बारे में अन्य बातों को भी ध्यान में रखना आवश्यक है । सर्वोपरि यह बात है कि भारत की एकता और राष्ट्रीय सुरक्षा को सर्वदा प्रथम पूर्ववर्तिता देनी आवश्यक है । वैत्तिक और प्रशासनिक बातों और साथ साथ ही आर्थिक प्रगति का भी इस सम्बन्ध में महत्व है । इन सब तत्वों को दृष्टि में रखने पर ऐसा कोई कारण नहीं रहता कि राज्यों के

पुनर्संगठन के प्रश्न पर पूरी तरह से और शान्ति भाव से इस प्रकार विचार न किया जाय जिस से कि जनता की इच्छायें भी पूर्ण हों और उन को आर्थिक और सांस्कृतिक प्रगति में सहायता मिले मुझे इस बात का प्रसन्नता है कि पृथक आन्ध्र राज्य के निर्माण के विषय में मेरी सरकार ने कदम उठाये हैं, और मुझे आशा है कि इस नये राज्य की स्थापना में अधिक विलम्ब न होगा। नये राज्य को स्थापना के सम्बन्ध में ऐसे किसी परिवर्तन के लिये तत्सम्बन्धित सब लोगों के पूरे पूरे सहयोग की आवश्यकता होती है, और मुझे आशा है कि यह सहयोग प्राप्य भी होगा।

योजना आयोग ने पंचवर्षीय योजना सम्बन्धी अपने प्रतिवेदन को अन्तिम रूप दे कर अपने काम का पहला भाग समाप्त कर लिया है। दूसरा और अपेक्षाकृत अधिक मुश्किल भाग, अर्थात् योजना को कार्यान्वित करने का काम, देश के सामने है और उस में हमें अब लग जाना है। मुझे इस बात की खुशी है कि यह योजना तथा देश में जो पचपन (५५) सामुदायिक योजनायें (कम्युनिटी प्रोजेक्ट) शुरू की गई हैं वे हमारी जनता में भारी उत्साह पैदा कर रही हैं। कुछ ही महीनों में सैकड़ों मील लम्बी सड़कें बना ली गई हैं, तालाब खोद लिये गये हैं, पाठशालागृह निर्मित कर लिये गये हैं, और अन्य बहुत से छोटे-मोटे काम हाथ में लिये गये हैं जो कि लगभग सारे ही हमारी जनता ने स्वेच्छा श्रम से पूरे किये हैं। यह आशा और आश्वासन का चिन्ह है क्योंकि अन्ततोगत्वा हमारी जनता पर ही यह निर्भर करता है कि वह अपना भविष्य कैसा बनाये।

देश की साधारण आर्थिक अवस्था में भी सुधार के स्पष्ट चिन्ह दिखाई पड़ रहे हैं, हालांकि अब भी दुर्भाग्य से ऐसे कुछ क्षेत्र हैं कि जहां सूखा के कारण दुर्भिक्षसम स्थिति वर्तमान है। उपयोगी कामों द्वारा अथवा अन्य रीति से लोगों को सहायता देने के लिए इन क्षेत्रों में राज्य सरकारें पूरी पूरी कोशिश कर रही हैं। किन्तु इस समस्या को तो अपेक्षाकृत अधिक मौलिक तरीके से हल करना आवश्यक है जिस से कि दुर्भिक्ष की स्थिति की पुनरावृति से तथा अनिश्चयजन्य वर्षा पर पूर्णतया आश्रित रहने से बचा जा सके।

संविधान के अनुच्छेद २८० के उपबन्धों के अधीन सन् १९५१ के अन्तिम दिनों में संगठित वित्त आयोग ने अपना प्रतिवेदन पेश कर दिया है। आयोग की सिफारिशों को मेरी सरकार ने स्वीकार कर लिया है और उन्हें कार्यान्वित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। चालू सत्र में आयोग की सिफारिशें संसद् के दोनों सदनों के पटल पर रख दी जायेंगी।

खाद्य स्थिति में निरन्तर सुधार होता रहा है और सन् १९५२ के अन्त में १९ लाख टन का भंडार हमारे पास था जिस का परिमाण उस से पहले कभी के से कहीं अधिक हैं। जिन साधनों से यह भंडार इतना बन सका उन में से एक साधन अमरीका के संयुक्त राज्य से उधार मिला गेहूं है। १९५२-५३ के वर्ष के लिये खाद्यान्नों की प्राप्यता की सभावना पिछले दो वर्षों से कहीं अधिक अच्छी है। अपर्याप्त वर्षा के कारण बम्बई, मद्रास और मैसूर के भागों में सूखा पड़ने से खाद्यान्नों का आयात करना होगा। किन्तु पिछले वर्षों से उस का

[राष्ट्रपति]

परिमाण कम होगा यह अत्यन्त महत्व की बात है कि हम खाद्यान्न के सम्बन्ध में आत्म निर्भर बन जायें और मुझे आशा है कि पंचवर्षीय योजना के अवशिष्ट तीन वर्ष के अन्दर यह बात सम्भवतः हो जायेगी। यह पहली बार है कि हम खाद्यान्नों के पर्याप्त भंडार सहित वर्ष का प्रारम्भ कर रहे हैं। हमें इस को इतना बड़ा बनाने का प्रयास करना चाहिए जिस से कि हम किसी अनसोची स्थिति का सामना कर सकें। हाल के महीनों में खाद्यान्नों की कीमतों का झुकाव नीचे की ओर रहा है। भारत के बहुत से भागों में नियंत्रणों को ढीला कर दिया गया है और अन्न को लाने ले जाने की अधिक स्वतन्त्रता प्रदान कर दी गई। किन्तु सरकार का यह विचार है कि खास खास मुकामों पर नियंत्रण को बनाए रखे जिस से कि ऐसा कोई अदृश्य परिणाम न हो जिस का कि कीमतों या अनाज की वसूली पर बुरा प्रभाव पड़े।

सन् १९५१-५२ में शक्कर की पैदावार १५ लाख टन हुई जितनी को पहले कभी नहीं हुई थी। यह पहला ही मौका था जब हमारी अन्दरूनी ज़रूरतों के मुकाबले में पैदावार ज्यादा हुई। इस के फलस्वरूप यह सम्भव हुआ कि सन् १९५२-५३ के मौसम में पैदा की जाने वाली शक्कर तथा गुड़ और खंडसारी की कीमतें, यातायात और वितरण पर नियंत्रण ढीला किया जा सके। मूंगफली के तेल के पर्याप्त मात्रा में प्राप्य होने के परिणामस्वरूप उन नियंत्रणों के सिवाय जो उस की अच्छी किस्म को बनाये रखने के लिये ज़रूरी हैं हम ने उद्जनित तेलों की कीमतों पर से अन्य नियंत्रण हटा लिये हैं।

रूई और पटसन की पैदावार में बहुत भारी प्रगति हुई है। सन् १९४८-४९ में रूई की पैदावार १७·७ लाख गांठ और पटसन की २०·७ लाख गांठ थी। सन् १९५१-५२ में यह बढ़ कर रूई की पैदावार ३१·३ लाख गांठ और पटसन की ४६·८ लाख गांठ हो गई।

देश के खाद्यान्न की पैदावार बढ़ाने के लिए दो हजार ट्यूबवैल बनाने के लिए तथा छोटे-मोटे सिंचाई के कामों के कार्यक्रम को तेज़ी से पूरा करने के लिए विशेष ध्यान दिया जा रहा है। फसल प्रतियोगितायें अधिकाधिक मात्रा में सारे देश में जनप्रिय होती जा रही हैं, और इन से बड़े बड़े उल्लेखनीय परिणाम हुए हैं। धान की खेती के लिए उस रीति को, जो जापानी रीति कही जाती है आरम्भ करने के लिए बड़े पैमाने पर प्रयोग किये जा रहे हैं। इस रीति से यह आशा की जाती है कि पैदावार बढ़ाने में इस के बहुत ठोस परिणाम होंगे। जम्मू प्रान्त में एक विस्तृत यन्त्रसज्जित फ़ार्म शुरू किया गया है। उर्वरकों और अन्य प्रकार के खाद के विस्तृत प्रयोग तथा अच्छी किस्म के बीज के प्रयोग के लिए जोरों से प्रयास किये जा रहे हैं। खास तौर पर सामुदायिक केन्द्र इस बात के लिये प्रयत्नशील हैं कि विभिन्न तरीकों से, जिन में ग्राम्य विस्तार सेवा भी सम्मिलित है, खाद्यान्नों की पैदावार को बढ़ाया जाये।

ढोरों के सुधार के लिये ९२ प्रमुख फ़ार्म केन्द्र सन् १९५१-५२ में शुरू किये गये हैं। इस के अतिरिक्त यह विचार है कि प्रत्येक सामुदायिक योजना क्षेत्र में

एक प्रमुख ग्राम्य इकाई कायम की जाये। अच्छी किस्म की ऊन की पैदावार के लिये प्रबन्ध करने के हेतु भेड़ अभिजनन की योजना का पुनर्संगठन किया गया है। वन्य जीवन को बनायें रखने के लिये एक मंडल की स्थापना की गई है। जोधपुर में मरु-भूमि-वनरोपण गवेषणालय संस्था की स्थापना की गई है। मरू क्षेत्रों के सुधार का काम यह अपने हाथ में लेगा।

सन् १९५२ में सिन्दरी उर्वरक कारखाने ने एक लाख अस्सी हजार टन एमोनियम सल्फेट बनाया है। सन् १९५३ में इस की परिमात्रा बढ़ कर ३ लाख टन हो जायेंगी ऐसी आशा है। इस की दर ३६५ रुपया प्रति टन से घटा कर ३३५ रुपया प्रति टन कर दी गई है।

सन् १९५२ में सूती कपड़े की पैदावार जो कि ४ अरब साठ करोड़ गज़ थी बहुत ही संतोषप्रद रही और अगले वर्ष के लिये और भी अधिक पैदावार की संभावना है। यद्यपि मिल निर्मित कपड़े की कीमतों का कम होना खुशी की बात है तथापि उस के कारण करघे के बने कपड़े की बिक्री कम हो गई और करघा वस्त्र व्यवसाय को विपत्ति का सामना करना पड़ रहा है; इस व्यवसाय से हमारे देश में लाखों आदमियों की जीविका चलती है। मेरी सरकार इस को और अन्य कुटीर उद्योगों को बहुत महत्व-पूर्ण मानती है क्योंकि यह बहुत लोगों को रोजगार प्रदान करते हैं। और इसलिये भी क्योंकि बेकारी को दूर करने के ये अत्यन्त प्रभावी साधन हैं। अखिल भारतीय खादी और ग्राम्य उद्योग मंडल की स्थापना की गई है और ग्राम्य तथा कुटीर उद्योगों के लिये आवश्यक शिल्पिक विकास और गवेषणा के लिये धन प्राप्त करने के लिये कानून बनाया जा रहा है। करघा वस्त्र व्यवसाय को सहायता देने के लिये मिल उद्योग द्वारा बनाई जाने वाली धोतियों का परिमाण सन् १९५१-५२ की पैदावार का साठ प्रतिशत कर दिया गया है।

अन्तर्राष्ट्रीय कीमतों के गिरने के कारण चाय व्यवसाय पर बुरा प्रभाव पड़ा है। चाय बागान को अपेक्षाकृत अच्छी खास सुविधायें दिलाने के लिये सरकार ने कार्य-वाही की है और उस का इरादा है चाय उद्योग के हर पहलू की, जिस में बाजार में माल भेजने की व्यवस्था भी सम्मिलित होगी, जांच करने के लिये एक विशेषज्ञ समिति नियुक्त की जाये। चाय की कीमतों के सुधार के चिन्ह अब दृष्टिगोचर हो रहे हैं।

संसारव्यापी कीमतों में पुनर्संयोजन से वैदेशिक व्यापार और निर्यात कीमत में कमी हुई है, और कुछ कम सीमा तक उस की मात्रा में भी कमी हुई है। भुगतान संतुलन की स्थिति भी संतोषजनक रही है क्योंकि आयात भी कम हुआ है।

भारत के उत्तर पूर्व और अन्य भागों के जन जाति क्षेत्रों के प्रति मेरी सरकार विशेष ध्यान दे रही है और उन के विकास के लिये सहायता दी जा रही है। पिछड़े वर्गों की समस्याओं पर विचार करने के लिये एक आयोग की नियुक्ति की गई है। भारत में समाचारपत्रों की समस्याओं पर विचार करने के लिये एक समाचारपत्र आयोग की नियुक्ति की गई है।

बड़ी बहुमुखी नदी योजनाओं में अच्छी प्रगति हुई है और उन में से कुछ प्रवर्तन स्थिति में जल्दी आने वाली हैं। अन्य योजनाओं के निर्माण कार्य में निरन्तर प्रगति हो रही है।

विशाखापटनम् में हिन्दोस्तान नोप्रांगण की कार्यक्षमता में सुधार करने के लिये तथा

[राष्ट्रपति]

लोहे और इस्पात उद्योग के विस्तार के लिये कदम उठाये गये हैं। कोयला, इस्पात, सीमेन्ट, नमक और उर्वरकों की पैदावार पिछले वर्ष से उच्चतर स्तरों पर पहुंच गई है।

नये राष्ट्रीय प्रयोगालयों और गवेषणा प्रतिष्ठानों की स्थापना के द्वारा वैज्ञानिक गवेषणा में और अधिक प्रगति हुई है। केन्द्रीय विद्युत रसायनिक गवेषणा प्रतिष्ठान कराईकुडी में खोला गया है और मद्रास में केन्द्रीय चर्म गवेषणा प्रतिष्ठान खोला गया है। शीघ्र ही रुड़की में वास्तु-गवेषणा प्रतिष्ठान खोला जायेगा। मोनाज़ाईट बालुका विधायन के लिये तिरुवांकुर-कोचीन में अलवाई में कारखाना स्थापित किया गया है और बम्बई राज्य में अम्बरनाथ में यन्त्रोपकरण आद्यरूप कारखाने को हाल में खोला गया है। बंगलोर के हिन्दोस्तान विमान कारखाने ने अपनी ही प्ररचनाओं के अनुकूल कई प्रशिक्षक विमान बनाये हैं जो अब काम में आ रहे हैं। जबलपुर के निकट एक प्रतिरक्षा कारखाना बन कर पूरा होने वाला है।

मेरी सरकार ने यह निश्चय किया है कि वर्तमान वैमानिक समवायों को अपने नियंत्रण में ले ले और अनुसूचित वैमानिक चर्याओं को चलाये। इस प्रयोजन के लिये दो राज्य निगम स्थापित करने का विचार है। एक आन्तरिक चर्याओं के लिये और दूसरा बाह्य चर्याओं के लिये।

भारतीय रेलें अगले मास में अपनी शताब्दि प्रदर्शनी का समारोह कर रही हैं। यह राज्य उपक्रम जिस पर समुदाय का आधिपत्य है प्रगति करता रहा है और अपने कार्यक्षेत्र को बढ़ा रहा है।

किसी जाति या राष्ट्र की प्रगति अन्ततोगत्वा शिक्षा पर निर्भर करती है। देश में शिक्षा की वर्तमान अवस्था के बारे में मेरी सरकार को बहुत चिन्ता है। इसमें गुण और परिमाण दोनों ही से सम्बन्धित अनेक प्रकार की कमियां हैं और डिप्लोमा और डिग्री प्रदान करने की ओर इस में बहुत अधिक ध्यान दिया जाता है और सांस्कृतिक वैज्ञानिक और शिल्पिक विषयों में और सर्वोपरि अच्छी नागरिकता के लिये प्रशिक्षा में व्यक्ति के वास्तविक सुधार की ओर ध्यान नहीं दिया जाता। बुनियादी तालीम एक प्रतिमान के रूप में शुरू की गई है किन्तु इस दिशा में दुर्भाग्यवश अब तक प्रगति बहुत धीमी हुई है। बुनियादी माध्यमिक और सामाजिक शिक्षा के सुधार की बहुत सी योजनायें विचाराधीन हैं और माध्यमिक शिक्षा के लिए एक आयोग नियुक्त किया गया है।

भारत की स्थिति पर सब ओर से दृष्टि डालने से यह प्रतीत होता है कि बढ़ती हुई गति से चतुर्मुखी प्रगति हुई है। यह संतोष की बात है। किन्तु जो ध्येय हमने अपने सामने रखा है वह अभी बड़ी दूर है और उस के लिए अधिक और लगातार प्रयास की तथा अधिक गतिशील परिवर्तन की आवश्यकता है। हमारा उद्देश्य ऐसा कल्याणमय राज्य है जिस में इस देश के सब लोग भागीदार होंगे, और इस के लाभों और आभारों में समान रूप से अंश बटायेंगे। जब तक दरिद्रता और बेकारी है समुदाय के एक विभाग को इस साझेदारी से कोई लाभ नहीं मिलता। अतः यह आवश्यक है कि हमारा यह ध्येय हो कि सब लोग पूरी तरह से और उत्पादक कार्य में लग जायें।

सन् १९५३-५४ के वैत्तिक वर्ष के लिये भारत सरकार की प्राक्कलित प्राप्तियों और व्यय का विवरण आप के सामने रखा जायेगा। लोक सदन के सदस्यों से अपेक्षा की जायेगी कि वे अनुदान माँगों पर विचार करें और उन्हें स्वीकार करें।

चालू वैत्तिक वर्ष में होने वाले अतिरिक्त व्यय के लिये अनुपूरक अनुदानों को स्वीकार करने के लिये आप से कहा जायेगा।

आप के सामने २४ विधेयक लम्बित हैं। कुछ ने तो समिति प्रक्रम पार कर लिया है। उन में से कुछ जो अब भी समितियों के विचाराधीन हैं, इस सत्र के अभ्यन्तर उन की सिफारिशों सहित आप के सामने लायें जायेंगे।

आप के सामने जो अन्य विधेयक प्रस्ताव लाये जाने उद्दिष्ट हैं उन में से कुछ का यहां विशेष उल्लेख किया जा सकता है। लोक प्रतिनिधान (संशोधन) विधेयक, राष्ट्रीय गृह संयोजन विधेयक, वैमानिक चर्या निगम विधेयक, न्यूनतम भृति (संशोधन) विधेयक तथा भारतीय प्रशुल्क (संशोधन) विधेयक।

मुझे हार्दिक भरोसा है कि बुद्धिमत्ता और सहिष्णुता तथा सहयोगात्मक प्रयास की प्रवृत्ति आप का आप के काम में पथ-प्रदर्शन करेगी और जिस देश और जनता की सेवा का सौभाग्य हम सब को प्राप्त है उन के लिये सुन्दर फल प्रदान करेगी।

श्री गोपालस्वामी अय्यंगार, श्री नलिनी रंजन सरकार और श्री वी० आई० मुनिस्वामी पिल्ले का देहान्त

प्रधान मंत्री और सदन के नेता (श्री जवाहरलाल नेहरू): यह मेरा दुर्भाग्य और एक अप्रिय कर्तव्य है कि मुझे समय समय पर सदन में अपने सहयोगियों के देहावसान का उल्लेख करना पड़ता है। मैं सदन को कोई समाचार नहीं सुनाने लगा हूं, क्योंकि हम सब को यह विदित है कि कल प्रातः काल बहुत सवेरे श्री गोपालस्वामी का मद्रास में देहावसान हो गया। हमें उन की अन्त्येष्टि का भी समाचार मिल चुका है जिस में सरकार और जनता दोनों ने ही बहुत अधिक सम्मान प्रकट किया। इस दुर्भाग्यपूर्ण तथा शोचनीय घटना के सम्बन्ध में हम अभी अभी राष्ट्रपति के विचारों को भी सुन चुके हैं।

सरकार के हम सभी सदस्यों का श्री गोपालस्वामी आय्यंगार के साथ घनिष्ट सम्बन्ध रहा है—हम में से कुछ एक की दूसरों की अपेक्षा अधिक देर से उन से घनिष्टता रही है। छै वर्ष से कुछ अधिक समय हुआ होगा, जब से हम इस सरकार में सम्मिलित हुए हैं हम इकट्ठे ही रहे हैं। कुछ एक की पृष्ठभूमि औरों से भिन्न रही है। उन में से बहुत सों का जो कि उस समय सरकार में थे या अब हैं राष्ट्रीय आन्दोलन से गहरा सम्बन्ध रहा है और वे उस आन्दोलन के चढ़ाव और उतार में कई दशाब्दियों तक एक दूसरे के साझीदार रहे हैं। जब हम सरकार में आये तो स्वाभाविकतया हमारी यह इच्छा हुई कि अन्य लोगों का भी सहयोग और उन की सहायता प्राप्त की जाये, जिस से कि हम मिल-जुल कर अधिक से अधिक योग्यता से देश की सेवा कर सकें।

श्री गोपालस्वामी अय्यंगार उन में से एक थे जिन्हों ने कि इस कठिन कार्य में हमारा हाथ बटाया। इन सब वर्षों

श्री जवाहरलाल नेहरू

उन्होंने सरकार में सब से अधिक कार्यभार को सम्भाला। वे न केवल उन मंत्रालयों के ही प्रभारी थे जिन के लिये कि बहुत अधिक बुद्धिमत्ता और धैर्य तथा निपुणता की आवश्यकता थी, अपितु उन के सहयोगी भी उन पर, उन के अनुभव पर बहुत अधिक भरोसा करते थे और बहुत से अन्य विषयों के सम्बन्ध में, जिन का कि उन के मंत्रालय से सम्बन्ध भी नहीं था, उन से मंत्रणा लेते थे। हम उन्हें एक वयोवृद्ध नीतिज्ञ समझते थे, जो कि बहुत बुद्धिमान्, बहुत अनुभवी, बहुत सहनशील, बहुत समझदार और दूसरों के भार को हल्का करने के लिये सदा उद्यत रहते थे। अतः चाहे यह काश्मीर की पेचीदा समस्या होती या कोई और समस्या होती हो सब के विशषज्ञ थे और हम उन्हीं के पास पहुंचते थे। वास्तव में जैसा कि सदस्यों को भलीभांति विदित है कुछ वर्ष पूर्व वे काश्मीर के पांच या इस से अधिक वर्ष तक प्रधान मंत्री रह चुके थे। चाहे पाकिस्तान से सम्बन्धित कोई विषय होता या हमारे शरणार्थियों के पुनर्वास का अति कठिन प्रश्न होता हम श्री गोपालस्वामी अय्यंगार के पास ही मंत्रणा के लिये जाते थे और वही हमें अपनी मंत्रणा देते भी थे और जब हमें विदेशों में दूसरों से बात-चीत करने के लिये किसी विशेष प्रयोजन से कोई दूत-सा भेजना होता था तो हम उन्हीं की ओर देखते थे। मैंने इन बातों का इसलिये उल्लेख किया है ताकि इस बात का पता लग सके कि उन्होंने किन भिन्न भिन्न तरीकों से देश और सरकार की सेवा

परन्तु इस सब के पीछे थी यह परिपक्व बुद्धि, किसी समस्या सुलझाने में सहनशीलता, यह मैत्रीभाव और यदि मुझे यह कहने दिया जाये कोई निश्चय करने और प्रत्येक बात पर विचार करने में शीघ्रता का अभाव, जिस से कि वे जो कोई भी मंत्रणा हमें देते थे वह बहुमूल्य होती थी और हमें प्रभावित करती थी। जब मैं इन पांच या छः वर्षों पर विचार करता हूं तो मैं यह अनुभव करता हूं कि हम उन पर कितना अधिक निर्भर करते थे और विशष रूप से मैं उन पर निर्भर करता था। कुछ मास पूर्व जब वे बीमार पड़ थ और धीरे धीरे हमें यह स्पष्ट हो गया था कि अब उन के बचने की सम्भावना नहीं है हम ने अपने मन से इस बढ़ते हुए विश्वास को निकाल देने की बहुत चेष्टा की, क्योंकि हम नहीं चाहते थे कि ऐसा हो और इस के परिणाम का विचार करके हमें बहुत बुरा लगता था। अतः हम ने यह सोच कर अपने आप को धोखा दिया कि शायद वे अच्छे हो जायें और बच जायें और हमारे काम में हमारी सहायता करने के लिये पुनः वापिस लौट आयें। किन्तु उन्हें फिर वापिस नहीं आना था और अन्त में लगभग डेढ़ दिन पूर्व उन का देहान्त हो गया और उन की बीमारी के सम्बन्ध में हमारे मन की इतनी लम्बी तैयारी के बावजूद भी जब हमें यह अन्तिम समाचार मिला तो हम सब को बड़ा धक्का पहुंचा।

हम लोगों का, जो सरकार में हैं, इस से भार और कठिनाई बहुत अधिक बढ़ जायेगी। मैं सदन को यह नहीं बतला सकता कि इस से कई बातों में मेरे लिये कितना अन्तर पड़ेगा, क्योंकि वे——जो कुछ मैं कह चुका हूं उस के अतिरिक्त——एक महान् सहयोगी और बुद्धिमान् व्यक्ति थे

जिन के पास कि हम कठिनाई के समय जा सकते थे। वे एक ऐसे मित्र थे जिन की मित्रता को मैं बहुत बहुमूल्य समझता था वे मुझे प्रिय थे और मैं तो यहां तक कहूंगा कि वे मुझ पर "छा" गये थे जैसे कि वे औरों पर भी छाये हुए थे, क्योंकि हम दोनों की पृष्ठभूमि अलग अलग थी। हम जीवन के विभिन्न मार्गों पर चल कर आपस में मिले थे। इस में सन्देह नहीं कि हम ने एक दूसरे के विषय में सुना था और कई बार दूर से एक दूसरे को देखा भी था, किन्तु हम एक दूसरे को जानते नहीं थे। किन्तु भाग्य और परिस्थितियों ने हमें एक साथ मिला दिया। मैं यह कहूंगा कि हमारा कोई प्रथम दृष्टि में प्रेम नहीं हो गया, किन्तु धीरे धीरे हमने एक दूसरे को पहिचाना और हमारा मित्रता बढ़ती गई और ज्यों ज्यों समय बीतता गया यह मित्रता गहरी और दृढ़ होती गई। अतः गत छै वर्षों में यह सब जो हुआ है उस के एक दम समाप्त हो जाने से जो एक खाई सा बन गई है और बिल्कुल एक घाव सा बन गया है वह सरलता से और शीघ्रता से भरता दिखाई नहीं देता। हम में से कुछ पर भार और अधिक बढ़ गया है और इस के साथ ही एक एकाकीपन-सा अनुभव होने लगा है, क्योंकि हम में से कुछ थोड़े-बहुत उस पीढ़ी के हैं जो धीरे धीरे समाप्त होती जा रही हैं। हमें यथाशक्ति अच्छी प्रकार इस बोझ को उठाना होगा और हम इसे उठाने की भरसक कोशिश करेंगे। तथापि, समय बीतता जाता है और इस के साथ ही पीढ़ियां गुज़रती जाती हैं और दूसरे व्यक्ति उन का स्थान ले लेते हैं। अतः यह सब बातें दिमाग में आ जाती हैं और हमारी दृष्टि अतीत की ओर जाती है और हम वर्त्तमान को देखते हैं और हम भविष्य पर दृष्टिपात करते हैं और हम उन महानात्माओं के प्रति शोक प्रकट करते हैं जो कि अब इस संसार में नहीं रही। तथापि, हमें तो इस बोझ को उठाना ही है और यदि हम सब मिल कर इसे उठायेंगे तो यह कुछ थोड़ा हल्का हो जायेगा।

श्रीमान्, मुझे आशा है कि आप कृपा करके उन की धर्मपत्नी तथा परिवार के अन्य सदस्यों तक इस मृत्यु पर न केवल मेरी अकेले की, अपितु सरकार और इस सदन की गहरी समवेदना को तथा उनके प्रति हमारी महान् आदर की भावना को पहुंचा देंगे। मुझे पक्का निश्चय है कि सदन के सभी सदस्य इस में मेरे साथ होंगे।

उपाध्यक्ष महोदय : स्वर्गीय श्री गोपालस्वामी अय्यंगार के सम्बन्ध में जो कुछ कहा गया है उस से मैं पूर्णतया सहमत हूं। वह हम सब के बड़े भाई थे। उन की मृत्यु से राष्ट्र के एक योग्यतम प्रशासक और बहुत बड़े नीतिज्ञ की हानि हुई है। यद्यपि वे एक दूसरी सरकार की नौकरी में लगे थे जिस से हम ने शासन की बाग डोर सम्भाली थी, किन्तु वे अपने काम से अपने आस-पास के सभी लोगों के विश्वास-पात्र बन गये थे। और इतना होते हुए भी वे उन्हें इतनें योग्य, इतने ईमानदार और स्पष्टवादी दिखाई दिये कि उन्होंनें उन्हें इस सदन के लियें मनोनीत कर लिया और इस सदन के सदस्य के रूप में उन्होंने देश की अनुपम सेवा की। वे राज्य परिषद के भी सदस्य थे। जम्मू और काश्मीर के दीवान के रूप में उन का उस राज्य से जो सम्पर्क रह चुका था उस से

उपाध्यक्ष महोदय

लोगों को काफी भरोसा हुआ और बाद में उन्हें संयुक्त राष्ट्र संघ में हमारे पक्ष को प्रस्तुत करने के लिये हमारे प्रतिनिधि-मण्डल का नेता बना कर वहां भेजा गया।

वे सदा प्रिय लगते थे उनके मिलने का ढंग बहुत ही आकर्षक था और वृद्ध या युवा कोई भी उन से मिल सकता था और जब वह उन से मिल कर वापस आता था तो उसे यह विश्वास हो जाता था कि श्री गोपालस्वामी अय्यंगार उस की सहायता के लिये सब कुछ करेंगे। हमारा एक बड़ा नीतिज्ञ हम से सदा के लिये बिछुड़ गया है जो बिना किसी आडम्बर के सदा हमारी सहायता करता था। हम और हमारा देश एक ऐसे पुरुष रत्न को खो बैठे हैं। यद्यपि हम यह चाहते हैं कि वे अधिक समय तक हमारे साथ रहते किन्तु भगवान की इच्छा कुछ और ही है। उन्होंने अपना पूर्ण जीवन बिताया और इकहत्तर वर्ष की आयु में उनका देहान्त हुआ। मुझे पूरा निश्चय है कि उनकी आत्मा को शाश्वत शान्ति और सद्गति प्राप्त होगी। मुझे निश्चय है कि दिवंगत आत्मा के प्रति इस गहरी समवेदना को प्रकट करन में सदन मुझ से सहमत होगा और मुझे शोकाकुल परिवार के सदस्यों तक अपने शोक तथा समवेदना को भेजने की आज्ञा देगा।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने मुझे जो थोड़ी सी पंक्तियां लिख कर भेजी हैं मैं उन्हें भी सदन के समक्ष पढ़ कर सुना देता हूं :

"आज प्रातः श्री एन० गोपालस्वामी अय्यंगार के निधन का शोकप्रद समाचार सुन कर मुझे बहुत दुःख हुआ। उन की लम्बी और सतत बीमारी से उन के अच्छे होने और रक्षा मंत्री के उत्तरदायित्वपूर्ण कार्य भार को सम्भाल लेने की आशा क्षीण होती जा रही थी। हमें एक बुद्धिमान् और कार्यकुशल पथप्रदर्शक तथा सहयोगी को खो कर अत्यधिक दुःख हुआ है। वे एक योग्य तथा सहानुभूतिपूर्ण प्रशासक थे और उन्होंने विशेष रूप से स्वतंत्रता के बाद से उन्हें सौंपे गय विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्र को अनुपम सेवा की है।

मुझे पूरा निश्चय है कि सदन दिवंगत आत्मा के प्रति अपनी श्रद्धांजलि और सम्मान प्रदर्शित करेगा और इस दुखद मृत्यु पर अपनी गहरी समवेदना और क्षति प्रकट करेगा और अपना शोक समवेदना को मृतक के परिवार तक भी भेजेगा।

मैं इस समय सदन के इस शोक प्रकाश में सम्मिलित होता हूं।"

मुझे सदन को दो और मित्रों—श्री नलिनी रंजन सरकार तथा श्री वी० आई० मुनिस्वामी पिल्ले—के दुखद देहान्त की भी सूचना देनी है।

श्री नलिनी रंजन सरकार का देहान्त २५ जनवरी १९५३ को सत्तर वर्ष की अवस्था में उन के कलकत्तास्थित निवास-स्थान में हुआ था। श्री सरकार १९४१ से १९४३ तक जब कि वे कार्यपालिका परिषद् में थे पुरानी केन्द्रीय सभा के सदस्य थे। उन्होंने १९४३ में महात्मा गांधी के उपवास के समय विरोधस्वरूप कार्यपालिका परिषद् से त्यागपत्र दे दिया था।

श्री मुनिस्वामी पिल्ले का २८ जनवरी, १९५३ को लम्बी बीमारी के पश्चात् कोयम्बटूर में देहान्त हो गया उन की आयु त्रेसठ वर्ष की थी। श्री पिल्ले मद्रास

के एक प्रमुख कांग्रेसी और हरिजन नेता थे वे १९३७ में मंत्री भी थे । वे भारत की संविधान सभा और बाद में मद्रास विधान सभा के सदस्य थे ।

हम इन मित्रों के देहावसान पर शोक प्रकट करते हैं और मुझे पूरा निश्चय है कि उन के परिवारों को समवेदना भेजने में सदन मेरे साथ होगा ।

सदन कृपा करके शोक प्रकट करने के लिये दो मिन्ट के लिये चुप-चाप खड़ा हो जाये ।

श्री वी० आई० मुनिस्वामी पिल्ले का देहान्त

सदन दो मिन्ट के लिये चुपचाप खड़ा हो गया ।

वर्तमान सदन के एक सदस्य तथा मंत्री श्री गोपालस्वामी अय्यंगार की स्मृति में मैं आज के लिये सदन की बैठक को स्थगित करने का प्रस्ताव करता हूं ।

अब सदन की बैठक कल के स्थान पर परसों शुक्रवार को २ बजे म० प० होगी क्योंकि कल ही वास्तव में शिवरात्रि है ।

इस के पश्चात् सदन की बैठक शुक्रवार १३ फरवरी, १९५३ के दो बजे तक के लिये स्थगित हो गई ।

GIPD—H8—167 PSD—7-9-53—285